**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, शेखपुरा**

Tel. no.-06341-223812, 8986915300
E-mail- rwdsheikhpura20@gmail.com

पत्रांक 1279 / **शेखपुरा, दिनांक** 21/08/2024 /

प्रेषक, ई0 विमल कुमार,
कार्यपालक अभियन्ता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, शेखपुरा।

सेवा में,
श्री रामानन्द सिंह (संवेदक),
ग्राम–मराजपुर, पोस्ट–मरांची, थाना–मरांची, जिला–पटना।
पिन–803301, मोबाईल नं0–9471611923.

विषयः– शीर्ष–MMGSY WB योजनान्तर्गत आपके द्वारा एकरारित पथों में अनुरक्षण कार्य कराने के संबंध में।

प्रसंगः– इस कार्यालय का पत्रांक–1242 दिनांक 13.08.2024.

महाशय,

उपरोक्त विषयक कहना है कि शीर्ष–MMGSY WB योजनान्तर्गत आपके द्वारा एकरारित पथ **जलधा स्थान से कटारी पथ** का स्थल निरीक्षण अधोहस्ताक्षरी द्वारा आज दिनांक 21.08.2024 को BRRMS App के माध्यम से किया गया, एवं पाया गया कि पथ के दोनो Shoulder पर बड़े–बड़े घास/झाड़ी उगे हुए हैं, एवं पथ के पूरी लम्बाई में एक भी 200m Stone, KM Post तथा एक भी Road Signage लगा हुआ नहीं है। सबसे गंभीर बात यह है कि आपके द्वारा कराये गए B.T. Surface के दोनों किनारे में घांस उग जाने के कारण B.T. Surface की चौड़ाई 3.75m से कम हो गया है जिसमें सुधार की आवश्यकता है। पूर्व में भी आपको पथ में मरम्मति कार्य कराने हेतु इस कार्यालय का पत्रांक–1242 दिनांक 13.08.2024 द्वारा निदेशित किया गया था, परन्तु आपके द्वारा अनुरक्षण कार्य नहीं कराया गया है। आपके द्वारा किये गए एकरारनामा के अनुसार उल्लेखित त्रुटियों को ससमय सुधार कराना आपकी पूर्ण जबावदेही है।

अतः कार्यहित में पुनः निदेशित किया जाता है कि पत्र प्राप्ति के तीन दिनों के अन्दर पथ में उल्लेखित सभी आवश्यक कार्य संबंधित कनीय अभियन्ता/सहायक अभियन्ता के देख–रेख में पूर्ण कराकर अधोहस्ताक्षरी को प्रतिवेदित करें, अन्यथा वाध्य होकर एकरारनामा में अंकित सुसंगत कंडिकाओं के आलोक में अग्रेत्तर कार्रवाई की जायेगी, जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेवार होंगे।

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

विश्वासभाजन

21.8.24

कार्यपालक अभियन्ता
ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल
शेखपुरा